# गंगा एक्सप्रेसवे-जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे का जल्द शुरू होगा काम

प्रोजेक्ट अपडेट

**995** करोड़ की पहली किस्त जारी हुई शासन से, आसान होगा सफर

- बुलंदशहर के कई गांवों से जुड़ेगा गंगा एक्सप्रेस वे, मेरठ से दूरी होगी कम



**मेरठ, मुख्य संवाददाता।** मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे से वाया बुलंदशहर अब जेवर एयरपोर्ट भी लिंक होगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अब जल्द भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ होगी।

इसके तहत शासन ने 995 करोड़ की राशि जारी कर दी है। इस लिंक एक्सप्रेसवे निर्माण से मेरठ से लोगों को गंगा एक्सप्रेसवे होते हुए जेवर एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा। उक्त राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दी गई है। मार्च-2026 तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया करने को कहा गया है। माना जा रहा है गंगा एक्सप्रेसवे के इस लिंक से मेरठ से वाया बुलंदशहर जेवर एयरपोर्ट जाना आसान हो जाएगा।

**गंगा एक्सप्रेसवे का होगा उद्घाटन, लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास :** अधिकारियों की मानें तो संभावना है मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे का जनवरी माह में उद्घाटन के साथ बुलंदशहर-जेवर लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास होगा। शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य शुरू हो जाने की उम्मीद है। शासन ने भूमि अधिग्रहण के लिए 995 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।